# मुख्यमंत्री ने निजामपुर सहित 9 गाँवों में पानी की समस्या दूर करने के लिये 34 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी

## चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के आखिरी छोर पर राजस्थान की सीमा से लगे महेंद्रगढ़ ज़िला के गाँव निजामपुर सहित क्षेत्र के 9 गाँवों में पानी की समस्या को दूर करने के लिये 34 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी।

## प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत 5 और 4 गाँव के दो ग्रुप बनाकर धनचौली माइनर व हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी से लिंक बनाकर क्षेत्र में पानी के 10 से 12 स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे और पाइप के माध्यम से किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस दौरान गाँव में कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी प्रदान की और पड़ोस के गाँव नापला में भी कम्युनिटी सेंटर का काम शुरू करवाने की बात भी कही।
- मुख्यमंत्री ने गाँव निज़ामपुर में 16 करोड़ 11 लाख 81 हज़ार रुपए की लागत से बनने वाली तीन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।
- इन परियोजनाओं में 346.81 लाख रुपए की लागत से बनने वाले धोलेड़ा बाईपास, गाँव बीघोपुर-धोलेड़ा-ख्वाजपुर के लिये 704 लाख रुपए तथा गाँव इकबालपुर नंगली-नेहरू नगर-भुंगारका के लिये 561 लाख रुपए की सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएँ शामिल हैं।
- धोलेड़ा बाइपास क्षेत्र की पुरानी मांग थी और इस परियोजना के धरातल पर साकार होने से क्षेत्र की सड़कों के ढाँचागत तंत्र में विस्तार होगा। इसी तरह सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि किसानों को भी इसका लाभ होगा।
- प्रदेश के हर गाँव में पानी पहुँचाने की सोच पर काम करते हुए दक्षिण हरियाणा को यमुना नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिये पुराने लिफ्ट सिस्टम को 143 करोड़ रुपए की लागत से नया किया गया है। इस प्रयास से प्रदेश की 300 टेल तक पानी पहुँचा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-approved-a-scheme-of-rs-34-crore-to-solve-the-water-problem-in-9-villages-including-nizampur